# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 13/2023

**ERC NCTE से मान्यता एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त राज्य के डी.एल.एड. कोर्स संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षण सत्र 2022–24 में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिये ऑनलाईन आवेदन एवं द्वितीय स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य के डी.एल.एड. कोर्स संचालित प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2022–24 में नामांकन हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 के आधार पर समिति से प्रसारित विभिन्न विज्ञप्तियों के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने तथा तीन चरणों में चयन सूची प्रकाशित कर दिनांक 17.12.2022 तक नामांकन की कार्रवाई की गयी है। अद्यतन नामांकन उपरांत रिक्त रह गए सीटों पर दिनांक 14.01.2023 तक स्पॉट प्रक्रिया से नामांकन की कार्रवाई की गई है। इसके बावजूद राज्य के संस्थानों में स्वीकृत सीटों के विरूद्ध कतिपय सीट रिक्त रह गए हैं। अतएव अभ्यर्थी हित में रिक्त रह गए सीटों पर नामांकन हेतु <u>द्वितीय स्पॉट नामांकन</u> का एक और अवसर प्रदान किया जाता है।

Resultlives.com

2. द्वितीय स्पॉट नामांकन हेतु महाविद्यालयवार रिक्त सीटों का विवरण समिति के पोर्टल http://deled.biharboardonline.com पर अपलोड है।

3. <u>द्वितीय स्पॉट नामांकन हेतु निम्न श्रेणी के अभ्यर्थी पात्र होंगे –</u>

(क) वैसे अभ्यर्थी, जिन्होनें पूर्व में अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र (Common Application Form) एवं परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया था, अथवा

(ख) वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा CAF (Common Application Form) एवं शुल्क ऑनलाईन जमा किया गया है, किन्तु उनका चयन किसी भी चयन सूची में अथवा प्रथम स्पॉट नामांकन अन्तर्गत नहीं हुआ है, अथवा

(ग) वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम चयन सूची, द्वितीय चयन सूची एवं तृतीय चयन सूची में आवंटित संस्थान में चयन होने अथवा प्रथम स्पॉट नामांकन की प्रक्रियान्तर्गत चयन होने के पश्चात् भी नामांकन नहीं लिया है।

(घ) जारी की गई प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन सूची के आलोक में आवंटित महाविद्यालयों में अथवा प्रथम स्पॉट नामांकन में नामांकित अभ्यर्थी द्वितीय स्पॉट नामांकन के लिये पात्र नहीं हैं।

4. <u>उपर्युक्त श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों के द्वितीय स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया निम्नवत् है –</u>

i. इच्छुक अभ्यर्थी सर्वप्रथम समिति के पोर्टल पर जाकर संस्थानवार रिक्त सीटों की संख्या से अवगत हो लेंगे।

ii. वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में (Common Application Form) एवं शुल्क ऑनलाईन जमा किया है वे समिति पोर्टल पर जाकर अपना बारकोड/Reference Number डालकर स्पॉट नामांकन हेतु अपना CAF डाउनलोड कर लें।

**iii. वैसे इच्छुक अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व में आवेदन पत्र (Common Application Form) नहीं भरा गया है, वे सर्वप्रथम समिति के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन विधि से अपना आवेदन पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा करेंगे तथा CAF की प्रति डाउनलोड करेंगे।**

iv. तत्पश्चात् अभ्यर्थी जिस संस्थान में नामांकन को इच्छुक हैं, वहाँ संगत अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय में अपना नामांकन आवेदन समर्पित करेंगे। नामांकन आवेदन के साथ अभ्यर्थी अपने सभी अकादमिक प्रमाण–पत्रों, आरक्षण कोटि/अन्य कोटि से संबंधित प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के अलावे अपना <u>स्कोर कार्ड एवं CAF अवश्य संलग्न करेंगे।</u>

v. महाविद्यालय प्रधान के द्वारा उनके यहाँ प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों की पंजी संधारित की जाएगी, जिसमें आवेदन की प्राप्ति संख्या भी अनिवार्य रूप से अंकित की जाएगी। प्राप्ति संख्या क्रमिक आगामी तिथियों में क्रमिक रूप से बढ़ती जाएँगी, अर्थात् आवेदन प्राप्ति हेतु निर्धारित द्वितीय एवं आगामी तिथियों को प्राप्ति संख्या 01 से शुरू न कर उस संख्या से शुरू की जाएगी, जो पूर्व की तिथि की अंतिम प्राप्ति संख्या के तुरंत बाद है।

vi. अभ्यर्थी से आवेदन पत्र प्राप्त होने पर महाविद्यालय द्वारा तत्क्षण ही उसे आवेदन पत्र की छायाप्रति पर आवेदन की प्राप्ति (Receiving) दी जाएगी। आवेदन की छायाप्रति पर Receiving के साथ–साथ आवेदन प्राप्ति संख्या भी अनिवार्य रूप से अंकित करना सुनिश्चित किया जाएगा।

vii. महाविद्यालय आवदेक अभ्यर्थियों के CAF No. को अपने लॉग इन में प्रविष्ट कर यह संतुष्ट हो लेंगे कि उक्त आवेदक का नामांकन किसी भी संस्थान में नहीं हुआ है।

viii. आवेदन की प्रक्रिया समाप्ति के उपरांत महाविद्यालय द्वारा स्कोर कार्ड में अंकित अभ्यर्थी के "रैंक" के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की औपबंधिक मेधा सूची तैयार कर महाविद्यालय के सूचना पटल एवं अन्य स्थलों पर सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित (प्रकाशित) करते हुए आपत्ति आमंत्रण किया जाएगा।

ix. तत्पश्चात् अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्ति/आपत्तियों का निराकरण करते हुए महाविद्यालय द्वारा अंतिम मेधा सूची जारी की जाएगी, जिसे महाविद्यालय के सूचना पटल एवं अन्य स्थलों पर सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित (प्रकाशित) किया जाएगा।

x. महाविद्यालय द्वारा उक्त मेधा सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के नामांकन की कार्रवाई ससमय सुनिश्चित करते हुए उसे समिति के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाएगा।

xi. सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन में आरक्षण के प्रावधान का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

5. स्पॉट नामांकन की विभिन्न गतिविधियों की समय तालिका निम्नवत् है –

| कार्य | तिथि |
|---|---|
| नए अभ्यर्थी अथवा जिनके द्वारा पूर्व में ऑनलाईन आवेदन पत्र (Common Application Form) तथा शुल्क जमा नहीं किया गया है, के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र तथा शुल्क जमा करने की तिथि | 17.01.2023 से 19.01.2023 तक |
| अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में आवेदन जमा करने की तिथि | 20.01.2023 से 21.01.2023 तक |
| मेधा क्रम में सूची प्रकाशित करने की तिथि | 23.01.2023 |
| मेधा सूची के आधार पर नामांकन की तिथि | 24.01.2023 से 28.01.2023 तक |
| नामांकन के पश्चात् समिति के पोर्टल पर अद्यतन करने की तिथि | 30.01.2023 |

परीक्षा नियंत्रक (विविध)